कितना प्यारा तुझे भक्तौं ने सजाया

कितना प्यारा तुझे भक्तौं ने सजाया,
जी करे देखता रहूँ
कितना सोणा तुझे भक्तौं ने सजाया,
जी करे देखता रहूँ
तू है दयालु, तू है कृपालु, है राम का पुजारी
सबसे प्यारा मेरा बजरंग, तू है शिव अवतारी
कितना प्यारा …

मस्तक पे सोहे है लाल सिन्दूर तेरे,
लटकत है उर माला मोतियाँ की तेरे,
कितना भोला कितना अच्छा,
झूंठी दुनिया तू है सच्चा,
चरणौं मैं तेरे झुकती है हनुमत दुनिया सारी,
सबसे प्यारा मेरा बजरंग, तू है शिव अवतारी
कितना प्यारा …

कहलाते दु:ख भंजन हो तुम बलकारी,
तुम-सा ना जग मैं कोई बाबा दातारी,
विनती सुनले सालासर वाले,
संकट हर ओ मेहंदीपुर वाले,
चरणौं मैं जाये तेरे सारी दुनिया बलिहारी
सबसे प्यारा मेरा बजरंग, तू है शिव अवतारी
कितना प्यारा…

संकट को हर डाला जब विपदा आई
बन बैठा रघुवर का हर पल सहाई
ला संजीवन प्राण बचाये
मैया सींता को छुड़ा लाये
हम भक्तों के संकट हर ले अंजनीसुत बलकारी
सबसे प्यारा मेरा बजरंग, तू है शिव अवतारी

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20468/title/kitna-pyara-tujhe-bhakto-ne-sajaya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |